तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 मई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 पशुपालकों की सहकारी डेयरी पिल्खा क्षीर में आठ महीनों से लटक रहा ताला









### प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर की 8.51 लाख की ठगी, रायपुर से चार आरोपी गिरफ्तार

# तंत्र मंत्र के जाल में फंसाकर एक करोड़ बनाने का देते थे झांसा, जाली नोट थामकर हो जाते थे गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ शातिर गिरोह प्रदेश में लोगों को बना रहा था ठगी का शिकार

सरगुजा पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपियों द्वारा 8.51 लाख रुपए को तंत्र मंत्र के जरिए एक करोड़ रुपए में बदलने का झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया। आरोपी प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर नगद लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने जब आरोपियों को गिरफ्तार किया तो उनके पास मौजूद जाली नोटों, नकली सोने के बिस्किट का जखीरा देखा तो उनके भी होश उड़ गए। पुलिस ने आरोपियों से ठगी के 1.95 लाख रुपए नगद के साथ ही दोनों तरफ छपे हुए 500 के 2100 नग कुल 10 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, 500 का एक तरफ प्रिंट जाली नोट 2500 नग कुल 12 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, 80 नग नकली सोने का बिस्किट, प्रिंटर, ए फोर साइज पेपर, नोट गिनने की मशीन सहित तंत्र मंत्र का सामान बरामद किया है। आज इस मामले का खुलासा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने किया है। पुलिस के अनुसार मणीपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरढोढ़ी निवासी जगसाय राजवाड़े ने की एक अज्ञात व्यक्ति से फोन पर बातचीत होती थी। अज्ञात व्यक्ति खुद को महाराष्ट्र का निवासी बताता था। 29 अप्रैल को उक्त व्यक्ति घूमने के नाम पर उसके घर पहुंच गया और चाय पीने के साथ ही बताया कि उसका हर्बल प्रोडक्ट का कारोबार है।

युवक अपने कारोबार के नाम पर अंबिकापुर चला गया और 30 अप्रैल को एक अन्य युवक के साथ लौटा। दूसरे व्यक्ति ने बताया कि वह नागपुर से देवी दर्शन कर लौटा है और जगसाय राजवाड़े को प्रसाद के नाम पर कुछ मीठा खाने को दिया दिया। मीठा खाकर वह बेहोश हो गया और जब बाद में परिवार के सदस्य घर पहुंचे और उसे उठाया तो देखा कि दोनों अज्ञात व्यक्ति जा चुके थे। ऐसे में उसने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने जब जगसाय का बयान दर्ज किया तो उसने बताया कि घटना के पश्चात उन्होंने अपने घर के सामान का मिलान किया जिसमें घर की पेटी में रखे 8 लाख 51 हजार रुपए गायब थे। ऐसे में अज्ञात बदमाशों द्वारा उसे नशीला पदार्थ खिलाकर 8 लाख 51 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है।



पुलिस गिरफ्त में आरोवी जब्त जाली नोटन व अन्य सामान।

## कार के सुराग से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पुलिस द्वारा इस मामले में घटना स्थल की जांच करने के साथ ही सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसके बाद आरोपियों के स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 8451 से फरार होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामले में रायपुर में घेराबंदी कर कार चालक रायपुर भीमनगर निवासी 31 वर्षीय शीत कुमार सोनवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी सुकदेव साहू, गिरधारी साहू व आंसू झा उर्फ अभय के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बिलाईगढ़ सारंगढ़ बरमकेला निवासी 35 वर्षीय सुकदेव साहू, रायपुर उरला निवासी 32 वर्षीय गिरधारी साहू उर्फ राजा व उड़ीसा टिटलागढ़ मूरी बाहर निवासी 36 वर्षीय अभय उर्फ अंशु झा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को धारा 328, 120 (बी), 420, 489 (क), 489(ग), 489 (घ), 489((ड.) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, एसआई प्रेम सागर खुटिया, सउनि अजीत मिश्रा, नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, भोजराज पासवान, पन्नालाल, गणेश कदम्ब, आरक्षक मनीष सिंह, विकास सिंह, अतुल शर्मा, समीर तिर्की, विकास मिश्रा शामिल रहे।

## प्रिंटर से छापते थे नकली नोट

पुलिस ने जब आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके मकान की तलाशी ली गई तो उनके होश उड़ गए। आरोपी अपने पास रखे कलर प्रिंटर व ए-4 साइज पेपर से 500 से जाली नोट छापने का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी के रकम में से शेष 1लाख 95 हजार 105 रुपए नगद, घटना मे प्रयुक्त 11 नग मोबाइल सहित 500 का दोनों तरफ प्रिंट नोट 2100 नग कुल 10 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, 500 का एक तरफ प्रिंट जाली नोट 2500 नग कुल 12 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का जाली नोट, नोट गिनने का मशीन 1 नग, कलर प्रिंटर 1 नग, स्कैनर 1 नग, 4 नग कलर प्रिंटर का, सोने का नकली बिस्कुट जैसा 80 टुकड़ा, एक पीतल का कलश व ढक्कन, पूजा का समान पैकेट में जिसमे लाल काल पिला लाल कपड़ा, रोली, चावल, रुद्राक्ष माला 01 नग, ए-4 साइज के पेपर मे एक साइड प्रिंट किया हुआ 500 का नोट 655 पन्ना, ए-4 साइज के आधा पन्ना मे 500 का एक साइड प्रिंट किया हुआ 1325 पन्ना, ए-4 साइज के आधे पन्ने मे दोनों साइड मे प्रिंट किया हुआ 500 का नोट 92 पन्ना बरामद किया गया।

### एक करोड़ के झांसे में आया युवक, पुलिस को किया गुमराह

आरोपियों को पकड़े जाने के बाद एक और खुलासा हुआ। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने जगसाय राजवाड़े को 8.51 लाख रुपए को तंत्र मंत्र से एक करोड़ रुपए में बदलने का झांसा दिया। वे इसी तरह लोगों को फोन कर तंत्र मंत्र से रकम को एक करोड़ तक बढ़ा देने का झांसा देते है। 30 अप्रैल को जगसाय भी उनके झांसे में आ गया और तंत्र मंत्र के नाम पर उसे प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर उन्होंने ठगी की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने बताया कि तंत्र मंत्र के दौरान दो आरोपी घर के अंदर आए थे जबकि उनका एक साथी कार में इंतजार कर रहा था व चौथा आरोपी रायपुर में बैठकर पूरे वारदात की मॉनिटरिंग कर रहा था जबकि प्रार्थी के अनुसार आरोपी सिर्फ उसे नशीला पदार्थ खिलाकर फरार हो गए थे और बाद में उसे पता चला की साढ़े आठ लाख गायब है। बयानों से इस बात की पुष्टि हुई है कि जगसाय साढ़े आठ लाख रुपए को एक करोड़ करने के झांसे में आया लेकिन शुरुआत में उसने इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी। पुलिस आरोपियों से ठगी के अन्य रकम के लिए रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी।

### अन्य जिलों में भी दिया घटना को अंजाम

पुलिस की इस कार्रवाई से पुष्टि हुई है कि शातिर ठग गिरोह कलर प्रिंटर से नकली नोट छापता था। आरोपी लोगों से फोन पर सम्पर्क कर रकम को तंत्र मंत्र से बढ़ाने का झांसा देते थे। आरोपी रकम को सामने रखकर तंत्र मंत्र का ढोंग करते थे और मौका मिलते ही रुपए लेकर फरार हो जाते थे। बड़ी बात यह है कि आरोपी जहां भी वारदात को अंजाम देने जाते थे वहां होटल लॉज में नहीं रुकते थे और वारदात के दिन पहुंचकर ठगी कर सीधे रायपुर भाग जाते थे। आरोपियों ने इसी तरह कई लोगों को अपने जाल में फंसाया है लेकिन जानबूझकर इस तरह तंत्र मंत्र के चक्कर में फंसकर ठगी का शिकार हुए लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से नहीं की। इस लिए अब तक इस तरह का मामला सामने नहीं आ पाया और आरोपी बड़े आराम से वारदात को अंजाम दे रहे थे। अब पुलिस अन्य जिलों व राज्यों में सम्पर्क कर आरोपियों के रिकार्ड खंगाल रही है जिससे और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने लोगों से आह्वान किया है कि यदि वे इन आरोपियों के ठगी के शिकार हुए है तो पुलिस को इसकी सूचना दे सकते है।

### चल रही है जांच

आरोपियों द्वारा तंत्र मंत्र का आड़ लेकर ठगी की घटना को अंजाम दिया जाता था। आरोपियों के पास से जाली नोट, नकली सोने की बिस्किट व अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपी कलर प्रिंटर में नकली नोट छाप रहे थे। फिलहाल आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद और भी जानकारी सामने आएगी।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी

## खबर संक्षेप

### तकिया उर्स का उद्घाटन करेंगे टीएस सिंहदेव

**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया का सालाना उर्स 20, 21 व 22 मई को मनाया जाएगा। हजरत बाबा मुरदशाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह के सालाना उर्स के मौके पर 20 मई को जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली जाएगी जबकि 21 व 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले कव्वाली मुकाबला के दौरान कार्यक्रम को प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर डॉ. अजय तिर्की करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बालकृष्ण पाठक, अजय अग्रवाल, शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, जिपं सदस्य राकेश गुप्ता, मोहम्मद इस्लाम, रशीद अंसारी होंगे। उर्स के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उर्दू अकेडमी के अध्यक्ष इद्रीश गांधी होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेमन करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेपी श्रीवास्तव, संजय अम्बष्ट शामिल होंगे।

### मतगणना से पहले 3 जून को होगा ड्राई रन

**अम्बिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 16 मार्च को निर्वाचन से सम्बन्धित घोषित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना 01- सरगुजा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारंभ की जानी है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मतगणना कार्य हेतु आवश्यक तैयारी के संबंध में 3 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में ड्राई रन किया जाएगा। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतगणना कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को ड्राई रन के दिन प्रातः 9.30 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है। उन्होंने समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों तथा अभिकर्ताओं को भी सूचना देने निर्देशित किया है।

### चौपाटी में एक घंटा अतिरिक्त समय देने की मांग

**अंबिकापुर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए चौपाटी व्यापारी संघ ने शाम के समय दुकान संचालन की अवधि बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। चौपाटी व्यापारी संघ का कहना है कि पुलिस प्रशासन के दबाव के कारण चौपाटी की दुकानों को रात 10 बजे ही बंद करना पड़ता है। वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है और लोग शाम को देर से अपने घरों से निकलते है ऐसे में जल्दी दुकान बंद होने से उनके व्यापार पर प्रभाव पड़ रहा है। संघ के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चौपाटी की दुकानों को रात 10 से बढ़ाकर 11 बजे तक संचालित करने की अनुमति देने की मांग की है।

# मेडिकल कॉलेज प्रबंधन मरीजों को लाने ले जाने के लिए खरीदेगा इलेक्ट्रिक व्हीकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ प्रबन्धकारणी की बैठक में लिया गया निर्णय, फिर से शासन को भेजा जाएगा 109 करोड़ की स्वीकृति का प्रस्ताव

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जिला चिकित्सालय से नवीन हॉस्पिटल भवन तक मरीजों को लाने ले जाने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीदी की जाएगी। संभागायुक्त की मौजूदगी में आयोजित मेडिकल कॉलेज के प्रबंधकारणी की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया है। इसके पहले कॉलेज प्रबंधन द्वारा एक बार फिर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बंद पड़े अस्पताल भवन निर्माण के लिए 109 करोड़ के स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने पर चर्चा की गई। संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की प्रबन्धकारिणी की बैठक के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन के निर्माण का मदद उठाया गया। अस्पताल भवन का काम राशि के आभाव में महीनों से बंद पड़ा हुआ है। पूर्व में शासन को राशि की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजे जा चुके है लेकिन अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल पाई है ऐसे में पुनः शासन को 109 करोड़ का प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर मूर्ति ने बताया कि नवीन भवन बनने के बाद मरीजों को पुराने अस्पताल से नए अस्पताल तक लाने ले जाने की सुविधा के लिए बैठक में इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने की स्वीकृति दी गई। बैठक के दौरान यह बात सामने आई कि अस्पताल व कॉलेज परिसर पानी की किल्लत से जूझ रहा है और ऐसे में संभागायुक्त श्री चुरेन्द्र ने पीएचई को अस्पताल से लगे किसी भी शासकीय भूमि पर पानी उपलब्ध कराने बोर करने के निर्देश दिए इसके साथ ही ग्राउंड वाटर नहीं मिलने पर अमृत मिशन से पानी सप्लाई पर चर्चा की गई। संभागायुक्त ने दरिमा में निर्माणाधीन आरआईटीसी भवन के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश सीजीएमएससी को दिए। अस्पताल में लैब टेक्नीशियन व कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती हेतु स्वीकृति के संबंध में चर्चा की गई। वहीं बैठक में सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि आबंटन के सम्बन्ध में चर्चा की गई। स्वशासी मद से परीक्षकों के ठहरने एवं भोजन हेतु निर्धारित राशि में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। इसके साथ ही बैठक में प्री एवं पैरा क्लीनिकल विभागों में एनएमसी मापदण्ड अनुसार सहायक प्राध्यापक बनने हेतु 1 वर्ष सीनियर रेसीडेंट की अनिवार्यता के संबंध में विचार रखे गए। बैठक में आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत कर अनुमोदन की कार्रवाई की गई।



बैठक लेते संभागायुक्त व अन्य।

# एनएच 43 के ब्लैक स्पॉट का किया गया चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ साइन बोर्ड लगाने, डामरीकरण व अन्य सुधार को लेकर बनाई गई कार्ययोजना

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन व सुरक्षा की दृष्टि से सुधार हेतु अधिकारियों ने निरीक्षण किया। एनएच के साथ ही सरगुजा पुलिस, लोनिवि व अन्य विभागों के अधिकारियों ने दुर्घटना जनित स्थानों का निरीक्षण कर सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार की है। कार्य योजना को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। बता दें कि एनएच 43 पर कंक्रीट सड़क निर्माण के बाद वाहनों की रफ्तार बढ़ गई है और इसके साथ ही दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हुआ है।

ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर सरगुजा पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं पीडब्लूडी के संयुक्त तत्वाधान मे जिले मे सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग 43 स्थित सिलसिला, नवीन ढाबा झरगवा, कन्या हाई स्कूल बतौली, कुनकुरी घाट पुलिया, शांतिपारा हाई स्कूल, शांतिपारा पुलिया, सेदम हाई स्कूल पुलिया सहित अन्य दुर्घटना जन्य क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों के नेतृत्व मे संयुक्त टीम द्वारा ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर सड़क दुर्घटनाओ के प्रमुख कारणों एवं उनके निदान के सम्बन्ध मे चर्चा कर सड़क मे तकनिकी सुधार किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई, अति दुर्घटना जन्य क्षेत्र में दुर्घटना जन्य क्षेत्र होने सम्बन्धी बोर्ड लगाने, ब्लैक स्पॉट जगहों पर डामरीकरण कराने, सड़को पर संकेतको सहित वाहन स्पीड लिमिट बोर्ड लगाने सम्बन्धी स्थलों का चिन्हांकन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा सड़कों में आवश्यक सुधार कराने प्रस्ताव बनाकर संयुक्त कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान एसडीओपी सीतापुर राजेंद्र मंडावी, थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, यातायात प्रभारी विजय कैवर्त, राष्ट्रीय राजमार्ग से ईई नितेश तिवारी, पीडब्लूडी सब इंजीनियर नवीन सिंह, दिलीप सक्सेना, कैवर्त, सहित पीबीसीएल कम्पनी के इंजीनियर सहित अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।



निरीक्षण करते अधिकारी।

### आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम, मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध है एलाइजा टेस्ट

# डेंगू के प्रति जागरूकता लाने चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता रैली, बैठक व सोर्स रिडक्शन गतिविधियों समेत अन्य कार्यक्रम किए गए। गुरुवार को कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू से बचाव व नियंत्रण हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करें की थीम आयोजित कार्यक्रम में जिले में जन जागरूकता रैली, बैठक, स्वास्थ्य, शिक्षा, सोर्स रिडक्शन गतिविधि, नारा लेखन एवं विभिन्न प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि डेंगू बीमारी वायरस से होने वाली बीमारी है जो कि मादा एडिस एजिप्टी मच्छर के द्वारा फैलता है। यह मच्छर दिन के समय काटते हैं तथा रुके हुए साफ पानी में अंडे देती है, इससे बचाव हेतु अपने घर के आस-पास गड्ढे, कूलर, गमले, नारियल के खोल, फ्रिज ट्रे, टायर, अनुपयोगी बर्तन में पानी जमा ना होने दें। निस्तारी योग्य पानी में लार्वीसाइड का उपयोग करें, कूलर का पानी सप्ताह में एक बार खाली कर सुखाकर दोबारा उपयोग करें एवं मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू के लक्षण के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इसमें बुखार, उल्टी, जी मिचलाना, शरीर में लाल चकत्ते, जोड़ों में दर्द, आंख घुमाने पर आंखों के पीछे दर्द होता है। उन्होंने बताया कि इसके प्रारंभिक जांच के लिए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आरडी टेस्ट किट निःशुल्क उपलब्ध है तथा डेंगू प्रकरण की पुष्टि हेतु राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिला चिकित्सालय अंबिकापुर में एलाईजा जांच की सुविधा उपलब्ध है।



अस्पताल के बाहर स्वास्थ्यकर्मी।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोशल मीडिया पर बच्चों व महिलाओं की अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। लुंड्रा पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा नाबालिग के चाइल्ड अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर डाला गया था। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लुंड्रा पुलिस ने अमगांव निवासी 27 वर्षीय फ्रांसिस तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारत लाल साहू, सउनि चंद्रप्रकाश केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक नामूल राम, आरक्षक अनिल बड़ा, निरंजन बड़ा, वीरेंद्र खलखो, अनिल मरावी शामिल रहे।



**खबर संक्षेप**

### मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव जारी

**बैकुण्ठपुर।** बीते एक सप्ताह से मौसम में बदलाव के कारण बे मौसम बारिश एवं बौछार के साथ बूंदाबुंदी कई दिनों तक होती रही, इसके बाद अब आसमान में हल्के बादल छा ही रहे हैं। मौसम में बदलाव के कारण मई माह के शुरूआत में तापमान का पारा जहां 40 पार हो गया था, वहीं मौसम में बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में 6 डिग्री की कमी आई, इससे भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली रही। जानकारी के अनुसार बीते 10 दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रही। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल दिन का अधिकतम तापमान 39 रहने की संभावना है, वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से आसमान में बादल पूरी तरह हट जाएंगे और पूरा आसमान साफ हो जाएगा, इसके साथ ही तेजी से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी भी हो जाएगी। एक सप्ताह में 25 मई से नवतपा की शुरूआत होगी, उस दौरान सबसे ज्यादा तपिश का सामना लोगों को करना पड़ेगा। इस दौरान तापमान अपने उच्च स्तर पर पहुंच जाता है।

### 10 वीं में सानवी ने किया टॉप

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के डबरीपारा निवासी सुशील जायसवाल व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका एवं नूतन जायसवाल व्याख्याता सेजेस चिरमिरी की सुपुत्री सानवी जायसवाल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं में 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ कोरिया और एमसीबी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित किया है। विदित हो कि सानवी सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर में अध्ययनरत है। सानवी ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता परिवारजन एवं गुरुजन को दिया हैं।

चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे मिली खून से लथपथ लाश

# पत्रकार की हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

गुरुवार की अलसुबह चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे एक पत्रकार का रक्त रंजित लाश बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। मामले की जांच के लिए अंबिकापुर से फारेंसिक टीम भी पहुंची। समाचार लिखे जाने तक मामले में मृतक की पत्नी से पुलिसिया जांच पड़ताल जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के चनवारीडांड़ में 16 मई की सुबह मौहारपारा निवासी पत्रकार रईस अहमद उम्र करीब 32 वर्ष का शव मिला है। बताया जा रहा है कि मौहारीपारा ग्राउंड के पास ही पत्रकार का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था, जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मृतक अपनी ⏭ शेष पेज 4 पर

तीन साल की बेटी और पत्नी के साथ किराए के मकान में रहता था। घटना की सूचना मिलने के बाद



घटना स्थल पर लगी भीड़। इनसेट में में मृतक।

### घर के पास मिला खून से लथपथ गमछा

पुलिस जांच में पता चला कि रईस अहमद पिछले करीब एक माह से चनवारीडांड़ में किराए के मकान में अपनी पत्नी एवं तीन साल की बेटी के साथ रहता था। उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूरी पर मिला है। मकान के पास खून से लथपथ एक गमछा भी मिला है। आशंका है कि रईस की हत्या घर में या घर के पास की गई है, फिर वहां से शव लाकर मैदान में फेंका गया है।

### घर पर आया था बाइक सवार

पुलिस के शुरुआती जांच में पता चला है कि रईस अहमद के मोबाइल फोन पर सुबह करीब 5 बजे दो-तीन कॉल आए हैं, सुबह एक युवक भी उसके घर बाइक से आया था, जो डेढ़ घंटे बाद सुबह घर से गया है। मृतक देर रात तक अपने पत्रकार साथियों के साथ था, लेकिन सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। पुलिस मृतक रईस अहमद की पत्नी से भी पूछताछ कर रही है। घटना स्थल पर काफी संख्या में लोग पहुंच गए थे, जिन्हें पुलिस ने हटाया।

### घटनास्थल का एसपी ने किया निरीक्षण

जानकारी के मुताबिक चनवारीडांड़ डिपो के पीछे मौहारीपारा में युवक का शव लोगों ने देखा, इसके बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मनेन्द्रगढ़ टीआई अमित कश्यप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की शिनाख्त रईस अहमद उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। शव औंधे मूंह पड़ा था। युवक पेशे से किसी टीव्ही चैनल में पत्रकार था। एमसीबी जिले के एसपी चंद्रमोहन सिंह ने भी बाद में मौके का मुआयना किया।

# समर कैम्प में विद्यार्थी दिखा रहे अपना कलात्मक हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सूर्य की तेवर और बदलते मौसम के बीच जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश का सही उपयोग विद्यार्थिओं को दिलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा व खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न स्कूलों व खेल मैदानों में विभिन्न खेलों के साथ विद्यार्थियों के कलात्मक व मौलिक हुनर को निखारे की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। महाजन स्टेडियम चरचा कॉलरी, कचनपुर में फुटबॉल, सरडी मैदान में बॉलीबॉल, इंडोर स्टेडियम बैकुंठपुर में बैडमिंटन, पटना में कब्बडी व



कुड़ेली में खो-खो जैसे आधुनिक व परंपरागत खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य जैसे प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों को उनकी मौलिक प्रतिभाओं को निखारे का प्रयास किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थिओं को पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल-कूद व उनकी अभिरूचि के अनुसार प्रशिक्षण देने से जहां इन नौनिहालों, युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति चेतना व सामाजिक सरोकार से जुड़ने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है। जिले के शासकीय विद्यालयों व उक्त मैदानों में सुबह 7:30 बजे से सुबह 9:30 तक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अभिरूचियों, हुनर व विभिन्न कलाओं के प्रति ललक पैदा करना है, ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपयोग सार्थक साबित हो सकें। प्रायः देखा जा रहा है कि टीव्ही, मोबाइल व कम्प्यूटर के ईर्द-गिर्द समाहित रहने वाले ऐसे विद्यार्थियों को खुली जगहों पर खेलकूद व रूचि के अनुसार प्रशिक्षण मिलने से कलाओं के प्रति जिज्ञासा पैदा होगी और अपने रचनात्मक कार्यो के प्रति जुड़ाव भी होगा।

# यूकेलिप्टस के 700 से ज्यादा पेड़ कट गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

■ मालिक को पता नहीं, थाना में की शिकायत

एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लॉक में वन माफियाओं का हौसला इस कदर बढ़ा हुआ है कि बगैर परमिशन एवं बगैर इजाजत दूसरे के निजी भूमि पर लगी यूकेलिप्टस के 700 पेड़ों को अज्ञात माफियाओं ने काट डाला। हालांकि जमीन एवं पेड़ों पर मालिकाना हक रखने वाला भीमसेन गुप्ता को इसकी जानकारी होते ही उसने पुलिस थाना जनकपुर और तहसीलदार भरतपुर से गुहार लगाई है।

भीमसेन गुप्ता ने लिखित ज्ञापन पत्र देकर उल्लेख किया है कि जनकपुर थानांतर्गत ग्राम मसौरा में मेरा निजी स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 184/4 रकबा 0.23 हेक्टेयर भूमि में स्वयं के द्वारा लगभग 8 वर्ष पूर्व एक हजार यूकेलिप्टस का पौधा लगाया गया था। उक्त पौधा वर्तमान में तैयार होकर वृक्ष बन गए थे, लेकिन 15 मई को दिन के उजाले में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा यूकेलिप्टस के लगभग 700 से ज्यादा पेड़ों को काट डाले। श्री गुप्ता ने बताया कि 16 मई को मैं मौके में गया तो मुझे उक्त यूकेलिप्टस के पेड़ों के कटने की जानकारी होते ही पास-पड़ोस में पता किया पर किसी के द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई, इसके बाद मेरे द्वारा तुरंत पुलिस थाना जनकपुर एवं तहसील कार्यालय भरतपुर में लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की गई है।





काटे गए पेड़।

### युवक ने ढाबा संचालक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**बैकुण्ठपुर।** बीते दिनों चरचा कॉलरी थाना क्षेत्र में हुए मारपीट के मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 289 व 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एमएलए नगर बैकुंठपुर निवासी शिकायतकर्ता विश्वजीत कुमार सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते 11 मई की रात्रि को अपने साथी अनिल राजवाड़े के साथ कार से खरवत चेरवापारा के माधव ढाबा में खाना खाने गए थे। करीब 11.30 बजे वे माधव ढाबा के बगल में कार खड़ा किया, उसी समय पंचदीप ढाबा के मालिक विपिन कुमार यादव ने गाड़ी खड़ा देखकर गाड़ी हटाने की बात कहते हुए अश्लील गालियां देने लगा और विवाद के बीच मुक्के से मेरे माथे पर जोर से वार किया। इस दौरान मेरा साथी अनिल राजवाड़े बीच बचाव करने लगा तो आरोपी विपिन कुमार ने रॉड से अनिल राजवाडे के पीठ में वार कर दिया और मेरे द्वारा मना करने पर मुझे से विपिन ने रॉड से मारा।










# MGR

## खबर संक्षेप

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 18 को

**सूरजपुर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 18 मई को प्रातः 10 से 12 बजे तक जिले के 9 केंद्रों में आयोजित किया जाना है। जिसमें जिले के 2 हजार 393 पात्र विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर, शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी, एकलव्य आदर्श आवा. विद्यालय शिवप्रसादनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय प्रतापपुर, अचीवर्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रतापपुर, शासकीय कन्या उमावि सूरजपुर परीक्षा केन्द्र हेतु निर्धारित किया गया है।

### शौर्य सिन्हा ने 94 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में किया टॉप

**प्रतापपुर।** सीबीएसई 12 वीं के छात्र शौर्य सिन्हा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी संस्था में टॉप किया। ग्राम खोरमा केनापारा निवासी चिरंजीव



सिन्हा व बबीता सिन्हा के पुत्र है शौर्य सिन्हा ने 10 वी बोर्ड की परीक्षा में 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया था वहीं 12वी बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल किया है। शौर्य सिन्हा ने बिना ट्यूशन व कोचिंग के प्रथम प्रयास में जेईई मेन्स क्लीयर कर लिया है एवं जेईई एडवांस की तैयारी में लगे हुए है।

### संत हरकेवल विद्यापीठ का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**अम्बिकापुर।** संत हरकेवल विद्यापीठ सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सीबीएसई 10वीं बोर्ड में युवराज पैकरा ने 85.2 फीसदी तनु शर्मा 82.8 एवं मयंक तिवारी 79.6 फीसदी अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में प्रथम चंद्रप्रभा राजवाड़े 80.33 फीसदी, कामर्स संकाय में रिषभ तिवारी 75.5 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम व द्वतीय स्थान प्राप्त किया विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने अभिभावक, स्कूल के प्रबंधन समिति, प्राचार्य, शिक्षकों तथा स्कूल के वातावरण को दिया है। प्राचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 10वीं बोर्ड में कस्तूरबा की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय लुण्ड्रा की छात्राओं ने 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। 10वीं बोर्ड में कुमारी शशि सिंह पिता मनताज ने 93.6





फीसदी अंक हासिल किया है। प्रारम्भ से ही मेघावी शशि की इस उपलब्धि से कस्तूरबा परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय की कुमारी भारती पिता उमाशंकर पहाड़ी कोरवा ने 92.1 फीसदी, अंकिता पैकरा ने 89 फीसदी, कुमारी संगीता तिर्की ने 88.3 फीसदी अंक हासिल किया है। विद्यालय की 29 में से 26 छात्राएं प्रथम, 3 छात्राएं द्वतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है तथा 12 छात्राओं ने 80 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किया है। इसी तरह 12वीं बोर्ड में उर्मिला ने 77.2 फीसदी अंक हासिल किया है।

## तीन महीने में ही बाहरी दीवार की हालत दयनीय

# बीईओ कार्यालय मरम्मत में बड़ी लापरवाही एक कोट पुट्टी लगाकर कर दिया कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सरकार द्वारा पुरानी एवं जर्जर शासकीय कार्यालयों को मरम्मत, रंग रोगन कर चकाचक कर नये व आधुनिक स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है जिसके लिए आवश्यकता अनुरूप राशि स्वीकृत प्रदान की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि मरम्मत के तीन महीने बाद ही दीवार की हालत दयनीय हो गई। आलम यह है कि बरसात आने से पूर्व ही कार्यालय की दीवारों में किए गए रंग रोगन उखड़ने लगी है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्यालय मरम्मत में किस तरह के मटेरियल व गुणवत्ता का ध्यान दिया गया है।

**खास बात**
- 10 लाख की लागत से की गई है मरम्मत

विकासखंड रामानुजनगर शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ही घटिया मरम्मत कार्य करने से विभाग के अधिकारियों की परेशानी बढ़ा दी है। कार्यालय के अंदर केवल एक कोट पुट्टी लगाकर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अभी कार्यालय भवन मरम्मत कार्य खत्म हुए तीन माह भी नहीं हुए है कि बाहरी दीवार का रंग उड़ने लगी है। हैरानी बात यह है कि बीईओ कार्यालय भवन मरम्मत कार्य 10 लाख की लागत से कराई गई है जो घटिया निर्माण कार्य की भेट चढ़ गई है। सरकार के द्वारा पुरानी एवं जर्जर शासकीय कार्यालयों को मरम्मत, रंग रोगन कर नए व आधुनिक स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है जिसके लिए आवश्यकता अनुरूप राशि स्वीकृत प्रदान की जा रही है। सरकार द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का मरम्मत कार्य हेतु शासन के द्वारा 10 लाख रुपये राशि का स्वीकृत की जिससे मरम्मत कार्य किया गया। लेकिन विभाग के कुछ अधिकारी व ठेकेदार मिलीभगत कर मोटी कमाई के उद्देश्य से मरम्मत कार्य को केवल खानापूर्ति कर पूर्ण कर दिया गया।



बीईओ कार्यालय रामानुजनगर।

### पुट्टी लगाने में बरती गई लापरवाही

ठेकेदार द्वारा कार्यालय के अंदर की दीवारों पर केवल एक कोट पुट्टी लगाकर काम पूर्ण कर दिया गया। जबकि दीवार के कई जगहों पर अभी भी पुरानी दीवार का रंग दिख रहा है। पुट्टी करने के बाद पुट्टी को फिनिशिंग हेतु पेपर से घिसाई तक नहीं किया गया है। ऐसे में दीवार को उबड़ खाबड़ हालत में छोड़ दिया गया है। यहां तक की पुट्टी में कोई कलर नहीं लगाया गया है।

### जिला प्रशासन की अभिनव पहल

कार्यालय के बेहतर संचालन एवं कार्यालय व्यवस्था को सुगम, सरल स्वच्छ व पारदर्शी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा हमर सुघ्घर ऑफिस नाम से अभिनव पहल की जा रही है। जिसका उद्देश्य कार्यालय को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ लोगों एवं कर्मचारियों के लिए कार्यालय में न्यूनतम सुविधाओं का विकास, अधिकारी व कर्मचारियों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण, कर्मचारी के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, कार्य क्षमता में वृद्धि और बेहतर सेवा के माध्यम से कार्यालय को आमजन के लिए अनुकूल बनाना है।

### स्तर हीन मरम्मत

कार्यालय का मरम्मत कार्य हेतु 10 लाख रुपये राशि की स्वीकृत शासन स्तर से हुआ है। मरम्मत कार्य हेतु जिस प्रकार की राशि का स्वीकृत हुए है उस हिसाब से कार्य नहीं हुआ है। केवल खानापूर्ति किया गया है और मरम्मत कार्य स्तरहीन है। कार्यालय भवन का मरम्मत कार्य का जिम्मेदारी पीडब्लूडी विभाग को दिया गया है।

-पंडित भारद्वाज
विकासखंड शिक्षा अधिकारी

### नहीं है जानकारी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की मरम्मत में लापरवाही बरती गई है तो इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में एसडीओ सही से बता सकेंगे।

महादेव लहरे
मुख्य कार्यपालन अभियंता

### रोका गया है बिल

कार्यालय मरम्मत कार्य का बिल अभी तैयार नहीं हुआ है। जब तक मरम्मत कार्य सही से नहीं होगा तब तक कोई बिल नहीं लगेगा। तीन महीने तक का समय बीत जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। ठेकेदार फरार है और बिल बनवाने तक नहीं आया है।

-एसके मिश्रा, एसडीओ

## एक मात्र प्लेटफार्म के कारण लेट हो रही ट्रेनें, सुविधाएं बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्टेबलिंग लाइन एवं एकमात्र प्लेटफार्म होने के कारण यात्री ट्रेनें लगातार लेट हो रही हैं। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक एवं कलेक्टर को पत्र लिख रेलवे स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है। परामर्शदात्री समिति के सदस्य श्री तिवारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन इस रूट का अंतिम स्टेशन है तथा यात्रियों, यात्री गाड़ी एवं माल गाड़ियों की संख्या एवं उनकी आवाजाही के लिहाज से बड़ा एवं व्यस्त है। स्टेशन में ट्रेनों के आवागमन के लिए एकमात्र प्लेटफार्म होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी होती है। एकमात्र प्लेटफार्म पर यात्री गाड़ी के खड़े होने की स्थिति में आने वाली ट्रेनों को कमलपुर, बिश्रामपुर, करंजी सहित अन्य किसी स्टेशन पर बेवजह घंटों खड़ा होना पड़ता है। ऐसी स्थिति से बचने यात्री सड़क मार्ग से सफर कर अम्बिकापुर पहुंचते हैं। अतिरिक्त प्लेटफार्म के अभाव में निजामुद्दीन-अम्बिकापुर ट्रेन एवं जबलपुर-अम्बिकापुर ट्रेन प्रायः हर दिन 2-3 घंटे विलम्ब से पहुंचती है। अम्बिकापुर-निजामुद्दीन यात्री गाड़ी के अम्बिकापुर पहुंचने का समय शाम 7 बजे है लेकिन यह हर दिन रात्रि 10 बजे के बाद पहुंचती है। इसी तरह जबलपुर-अम्बिकापुर यात्री गाड़ी के पहुंचने का समय रात्रि 11 बजे है। चूंकि ट्रेन में



अकेली लड़कियां व महिलाएं भी सफर करती हैं। ट्रेन के लेट होने पर ऑटो उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में घर पहुंचने में परेशानी होती है तथा उनके पहुंचने तक परिजन चिंतित रहते हैं। अतिरिक्त प्लेटफार्म के अभाव में एकमात्र प्लेटफार्म पर ज्यादा दबाव रहता है वहीं स्टेबलिंग लाइन का नहीं होना नई ट्रेनों की शुरूआत के लिए सबसे बड़ी व्यवहारिक बाधा है। उन्होंने महाप्रबंधक से अतिरिक्त प्लेटफार्म बनाने एवं स्टेबलिंग लाइन बनवाने की मांग की है। श्री तिवारी ने भविष्य में रेल सुविधाओं में विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप एनएच 43 से रेलवे स्टेशन तक की सड़क को डिवाइडर सहित टू-लेन सड़क बनाने की मांग की है।

### ट्यूबवेल के करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**बिश्रामपुर।** घर से मवेशी चराकर जंगल से लौटे एक ग्रामीण की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रामेश्वरपुर ऊपरपारा निवासी 47 वर्षीय रंगलाल बरगाह पिता स्व. लालचंद बुधवार को सुबह घर के मवेशियों को लेकर मुड़ापारा जंगल की तरफ गया था। जहां से वापस लौटने उपरांत ग्रामीण स्नान करने हेतु ट्यूबवेल को चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

## भाजपाइयों ने सूरजपुर कलेक्टर से की मुलाकात

# निकाय क्षेत्र में नए सिरे से मतदाताओं के सर्वे की मांग

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के सभी पन्द्रह वार्डो में नए सिरे से मतदाताओं का सर्वे कर सूची जारी करने की मांग को लेकर भाजपाइयों ने सूरजपुर कलेक्टर से मुलाकात कर उनके समक्ष विस्तार से अपनी बातों को रखा और अपनी मांग के संबंध में उन्हें ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उल्लेख है कि निकाय क्षेत्र में पूर्व में विगत 6 माह पूर्व हुए विधानसभा चुनाव एवं हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में नगरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत निरंतर घटता ही जा रहा है। नगरीय निकाय क्षेत्र में लगातार मतदान प्रतिशत के गिरावट का मुख्य कारण बताया गया कि एसईसीएल क्षेत्र होने के कारण विभिन्न प्रांतो के लोग यहाँ निवास करते हैं ,इनमें से काफी संख्या में कोलकर्मी ड्यूटी से सेवानिवृत होने के पश्चात अपने गृहग्राम चले गए हैं या फिर अन्य पंचायत क्षेत्रों में अपना निजी मकान बनाकर निवासरत हैं,अब उनके यहां नहीं रहने के बाबजूद मतदाता सूची में उनका नाम आज तक जुड़ा हुआ है , इसके अलावा ऐसे भी मतदाता का नाम सूची में है जो विगत 15 - 20 वर्षों पूर्व मृत हो चुके हैं लेकिन उनका नाम मतदाता सूची से हटाया नहीं गया है ,ऐसी स्थिति में मतदान प्रतिशत का लगातार गिरना स्वभाविक है।ज्ञापन में बताया गया कि निकाय के सभी पंद्रह वार्डों में यही स्थिति है, यदि एक पोलिंग बूथ में क़रीब एक हजार मतदाता का नाम सूची में है तो पूर्ण रूप से निरीक्षण करने के पश्चात यह संख्या घटकर सात सौ पर आ जाती है ,इस कारण से हर वार्ड में तक़रीबन तीस प्रतिशत मतदाताओं की कमी हुई है,अब विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात आगामी 6 माह के अंदर नगरीय निकाय क्षेत्रों में चुनाव होने हैं ।मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रचार प्रसार एवं अनेकों कार्यक्रम किए जाते हैं, लेकिन सूची में अब तक सुधार न हो पाने से वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी नहीं देखी गयी है,भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने सूरजपुर कलेक्टर से आगामी निकाय चुनाव से पूर्व नगरीय क्षेत्र के मतदाता सूची का नए सिरे से सर्वे कर संशोधित वास्तविक सूची जारी करने की मांग की है,जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया है। इस दौरान भाजपा नेत्री श्यामा पांडेय, मोहनी झा,युवा मोर्चा के रविंद्र भारती, अवनीश सिंह, अंकित चौहान, अलंकार नायक उपस्थित थे।

- सभी 15 वार्डों में तीस प्रतिशत मतदातागण हुए कम



# डीएवी स्कूल में शुरू किया गया निःशुल्क समर कैंप

**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में गुरुवार को निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ किया गया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को उभारना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। इस कैंप में दूसरे स्कूल के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। इस शिविर में बच्चों को कई प्रकार की गतिविधियों के तहत नई चीज़ें सीखने का अवसर मिलेगा। बच्चे आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक एंड डांस, इंग्लिश स्पोकन, स्पोर्ट्स, योगा, कोडिंग एंड वैदिक मैथ्स, कैलीग्राफी, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, ड्रामा, चित्रकला, मेंहदी इत्यादि में शामिल होकर संबंधित कौशलों को ग्रहण कर पाएंगे। बच्चों की उम्र सीमा 5 से 16 वर्ष तक तथा समय सुबह 8 बजे से 11 बजे तक सुनिश्चित की गई है। बच्चों को खेल-खेल में सिखाने की सुविधा प्रदान करना तथा उनकी व्यावहारिक कुशलता व क्षमताओं पर विशेष ध्यान देना डीएवी विद्यालय की खासियत रही है। प्राचार्य आशुतोष झा ने कहा कि इस समर कैंप के माध्यम से हम बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर प्रदान कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे विभिन्न गतिविधियों के द्वारा अपने हुनर को सामने लेकर आ सके। इस अवसर में मुकेश कुमार गुप्ता, गुड्डू कुमार पटेल, मोहम्मद मनव्वर, दिव्यांशु गुप्ता, शुभम केशरी, तारा कंसारी, रीना तिवारी व अन्य मौजूद थे।



### किशोरी को सखी सेंटर से किया गया परिजन के सुपुर्द

**बिश्रामपुर।** समझाइश देने के बाद भी जबरन बाल विवाह कराए जाने उपरांत प्रशासनिक टीम द्वारा नाबालिग लड़की को सखी सेंटर में रखने उपरांत गुरुवार को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के निर्देश पर बालिका को उसके घर वापस भेज दिया गया है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरेया आमापारा में करीब छह दिनों पूर्व एक नाबालिग लड़की का बाल विवाह किए जाने की सूचना पर बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल टीम के साथ गांव में जाकर नाबालिग लड़की के परिजन को समझाइश देते हुए बाल विवाह रोकने की बात कही गयी थी। इन सब के बावजूद नाबालिग लड़की के परिजन द्वारा गोपनीय तरीके से उक्त बाल विवाह को कराए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल व जयनगर थाना प्रभारी व प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक स्निग्धा सलामे ने दलबल के साथ नाबालिग लड़की के घर जाकर समझाइश देते हुए नाबालिग लड़की को रेस्क्यू करके सूरजपुर सखी सेंटर में 6 दिवस तक रखा। इसके पश्चात नाबालिक लडकी व उसके परिवार को गुरुवार को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां समिति के अध्यक्ष गोरे लाल राजवाड़े एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा परिवार एवं बालिका को पुनः समझाईश देते हुए नाबालिग लड़की को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। नाबालिग लड़की ने भी आगे पढ़ने की अपनी इच्छा जाहिर की है। साथ ही पढ़ लिखकर वह सरकारी नौकरी करना चाहती है।




### आम सूचना

मैं सुर्याप्रकाश वनराज आ. श्री गोवर्धन राम, उम्र 39 वर्ष, जाति उरांव, निवासी ग्राम कटबुड़ा पेटला तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। मेरी पत्नी अनुजा वनराज के पुत्र आरव वनराज का दिनांक 05/08/2021 को जन्म हुआ है। जिसका थल सेना पेंशन सर्विस बुक में पुत्र का नाम अंकित कराना चाहता हूं। जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
सुर्याप्रकाश वनराज
आ. श्री गोवर्धन राम
निवासी ग्राम कटबुड़ा पेटला तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते हैं एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550

सरगुजा मार्केट

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ.अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक 26 मई 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

NISHANT MEDICOSE
एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, इण्डियन होमियोपैथीक जर्मन होमियोपैथिक, सर्जिकल टूल्स एवं पशु दवायें उपलब्ध है
देवीगंज रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो.7354260555
समय - सुबह 9:30 बजे से रात 10 बजे तक

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरूवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 26 मई 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन व किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ.सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
समय - सायं 4:00 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक
तीसरे रविवार को उपलब्ध
डॉ.करण सराफ
MBBS, MS MEDICINE, DM(NEPHROLOGYO) (CUNSULTANT NEPHROLOGIST & TRANSPLANT PHYSICIAN)
समय - दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
तीसरे रविवार को उपलब्ध
दिनांक 19 मई 2024
इन सभी समस्याओं के लिए सम्पर्क करें
यदि आप उपरोक्त लक्षणों में से किसी एक से पीड़ित है तो आपको जाँच की आवश्यकता है
पता बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर
9424250281, 8120906000, 8120809000

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्रायटिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

16 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 5/16/2024 9:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### रचनात्मक कार्यों के जरिए बौद्धिक विकास करने समर कैंप की शुरुआत

**सीतापुर।** रचनात्मक गतिविधियों के साथ स्कूली बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु विकासखंड के सभी स्कूलों में समर कैंप की शुरुआत की गई। जिला शिक्षाधिकारी के निर्देशानुसार इस समर कैंप में बच्चों को रचनात्मक कार्यों के तहत नृत्य गीत वादन निबंध कहानी शुद्धलेखन का अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा शहर एवं गांवों में मौजूद ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण धरोहर से परिचय कराने के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बीईओ मिथिलेष सिंह सेंगर ने बताया कि समर कैंप के आयोजन को लेकर शाला प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है। इस आयोजन के तहत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को कला एवं रचनात्मक कार्यो के जरिये बच्चों के अंदर क्षमता विकसित करना है।ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उनका बौद्धिक विकास करना है।

### समर कैंप में कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा



**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे 15 दिवसीय समर कैंप का समापन तहसीलदार पुष्पराज पात्रा के मुख्य आतिथ्य व अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समर कैंप में कक्षा पहली से दसवीं तक के बच्चों ने बढ़-कर कर भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में वैदिक मैथ्स अंतर्गत बच्चों को अंकगणित, बीजगणित और ज्यामिति के शॉर्टकट ट्रिक सिखाए गए। स्पोकन इंग्लिश में टेलिफोनिक कन्वर्जन, कंप्यूटर में एचटीएमएल पी पीटी, एक्सेल एमएस वर्ड आदि पर कार्य करना सिखाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।, मुख्य अतिथि पुष्पराज पात्रा ने कहा, समर कैंप बच्चों में आत्मविश्वास व रचनात्मक मे वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है। हमें अपने बच्चों को समर कैंप में भेजना चाहिए। कैंप में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इस दौरान छात्र छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में दी गई जानकारी



**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह व जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीप कुमार तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन सभा कक्ष में आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने डेंगू के लक्षण एवं बचाव के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर में कूलर, छत की टंकी, फूलदान एवं पुराने टायर में जमा पानी से डेंगू के मच्छर पनपते है। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह साफ कर एवं ढक कर रखने तथा किसी भी व्यक्ति को तेज बुखार के साथ शरीर में चकत्ते दिखाई देने पर तत्काल जिला चिकित्सालय में डेंगू की जांच कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में सभी मितानीन एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### चोरों ने दुकान के एल्वेस्टर छत तोड़ पार किया सामान

**अम्बिकापुर।** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। क्षेत्र में चोर इस कदर सक्रिय है कि हर दूसरे-तीसरे दिन किसी न किसी क्षेत्र में चोरी घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए है। बीती रात भी चोरों ने ग्राम असोला स्थित दुकान के एल्वेस्टर छत को तोड़ सामान चोरी कर ले गए। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोधनपुर निवासी प्रयांशु जायसवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम असोला मुख्य मार्ग में हरि मंगलम एंटरप्राइजेज दुकान है। मंगलवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह दुकान खोला तो देखा दुकान के एल्वेस्टर छत टूटा हुआ था और दुकान में रखे दो लैपटॉप गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पशुपालकों का अटका 25 लाख का भुगतान

# पशुपालकों की सहकारी डेयरी पिल्खा क्षीर में आठ महीनों से लटक रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- प्रशासन डेयरी संचालन के लिए तलाश रहा निवेशक

पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से करोड़ों रूपए की लागत से संचालित महत्वाकांक्षी सहकारी डेयरी पिल्खाक्षीर ने पांच साल में ही दम तोड़ दिया। प्रशासनिक लापरवाही एवं व्यवसायिक अनुभव के अभाव में डेयरी में पिछले आठ महीने से ताला लटक रहा है। डेयरी बंद होने के बाद प्रशासन पीपीपी मॉडल पर संचालित करने पिछले छह महीने से निवेशक की तलाश कर रहा है लेकिन बदहाल डेयरी को फिर से कमाई का जरिया बनाने के लिए कोई निवेशक नहीं मिल रहा है। सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत सिलफिली में एनएच के किनारे बड़ी सब्जी मंडी संचालित होती है। सिलफिली सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान बहुतायात में सब्जियों का उत्पादन करते हैं। कई बार सब्जियों की लागत नहीं मिलने पर किसान अपनी फसल को खेतों में ही छोड़ देते हैं। सब्जियों के पत्ते आदि का कोई उपयोग नहीं होता। वर्ष 2018 में तत्कालीन कलेक्टर केसी देव सेनापति ने क्षेत्र में पशुपालन की संभावनाओं को देखते हुए सहकारी डेयरी संचालित करने की योजना बनाई एवं किसानों को प्रोत्साहित किया। प्रशासन द्वारा एनएच 43 के किनारे सर्वसुविधा युक्त सहकारी डेयरी पिल्खाक्षीर भवन का निर्माण करने के साथ ही अत्याधुनिक मशीने लगाई गई। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह द्वारा वर्ष 2018 में उद्घाटन पश्चात डेयरी का संचालन प्रारम्भ किया गया। प्रारम्भ में क्षेत्र के पशुपालक डेयरी को 1500 लीटर से 2000 लीटर तक दूध की आपूर्ति करते थे। डेयरी द्वारा मक्खन रहित दूध पैकेट के साथ ही घी, पनीर, खोआ एवं विविध मिठाईयों का उत्पादन किया जा रहा था। डेयरी द्वारा उत्पादित अधिकांश घी,पनीर,खोआ एवं मिठाईयों की का विक्रय डेयरी के काउंटर एवं रेस्टोरेंट से होता था। संचालन की गड़बड़ी एवं प्रशासन द्वारा बार-बार प्रबंधन की जिम्मेदारी अपने चहेतों को सौंपने के कारण डेयरी की माली हालत बिगड़ने लगी। समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण किसान डेयरी से किनारा करने लगे। व्यवसायिक अनुभव के अभाव में प्रबंधन ने कोविड काल में डेयरी उत्पादों को खपाने के उद्देश्य से अपने डीलरों को उधार में दे दिया। लगातार मशक्कत के बावजूद डीलरों के पास कोरोना काल का 25 लाख से अधिक का बकाया अब तक नहीं मिल पाया। इधर महीनों तक दूध की कीमत नहीं मिलने के कारण पशुपालकों ने दूध की आपूर्ति बंद कर दी जिसके कारण प्रबंधन को 10 सितम्बर 2023 को डेयरी में ताला लगाना पड़ा।





**बढ़ रही देनदारी**

पिल्खाक्षीर कहने को तो किसानों की सहकारी संस्था है लेकिन संस्थान में शासकीय राशि व्यय होने के कारण प्रारम्भ से ही इसका संचालन पशु चिकित्सा विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारी करते रहे। डेयरी प्रबंधन ने कलेक्टर के निर्देशन में थक हारकर अब बकाया राशि वसूलने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों को सौंप दी है। तहसील द्वारा आरआरसी के तहत डीलरों से बकाया राशि की वसूली करेंगे। डेयरी प्रबंधन पर किसानों का 25 लाख से अधिक बकाया है। डेयरी के बिजली बिल का बकाया बढ़कर 50 लाख रूपए पहुंच गया है। डेयरी प्रबंधन पर अन्य देनदारियां भी है।

**दो टेंडर में नहीं मिले निवेशक**

शासन की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में ताला बंद होने के बाद प्रशासन पिल्खा क्षीर का संचालन पीपीपी द्वारा करने की योजना बना रही है।

**चल रहा है काम**

पिल्खा क्षीर का संचालन पीपीपी मॉडल से करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्य योजना पर काम चल रहा है। आचार सहिंता समाप्त होने पर इसका क्रियान्वयन प्रारम्भ किया जाएगा।
-रोहित व्यास, कलेक्टर सूरजपुर



सड़क से उड़ रहे धूल के गुबार।

## धूल के गुबार ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

भारी वाहनों के लगातार आवागमन करने तथा धूल के गुबार से क्षेत्र वासी सहित राहगीर परेशान है। क्षेत्र के लोगों ने धूल से निजात दिलाने तथा सड़क पर पानी छिड़काव कराने की मांग की है।

प्रतापपुर से अंबिकापुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जहां कोयला खदान महान 3 व मां महामाया शक्कर कारखाना संचालित है जिससे बड़ी संख्या में कोयला लोड करने वाले ट्रक, ट्रेलर वाहन सड़क किनारे खड़ी रहती है और निरंतर उसी रास्ते पर आवाजाही करते है। अंबिकापुर प्रतापपुर का सबसे व्यस्त सड़क है और आवागमन बना रहता है। लगातार ट्रकों के आने-जाने से वहां धूल का गुब्बारा उड़ते है जो दूर तक फैल जाता है। धूल के गुब्बार इस कदर उड़ते है कि दिन में भी अंधेरा छा जाता है। ऐसे में राहगीरों को पता नहीं चलता कि सामने से कौन सी गाड़ी आ रही कौन सी नहीं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। इधर बाइक सवार राहगीरों की आंखों की रोशनी जाने की बराबर से आशंका बन रही है। धूल के वजह से लोगों की आंखों में बराबर संक्रमण हो रहा है और आसपास में होटल भी है जो की धूल रहित हो गया है जिसके कारण होटल का नाश्ता खाना भी खराब हो जाते है। ऐसा नहीं एसईसीएल प्रबंधन को लोगों के समस्या से अवगत नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने से लोग धूल के गुब्बार के बीच आवागमन करने तथा रहने को मजबूर है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में सड़क पर धूल ज्यादा उड़ने पर अगर पानी का छिड़काव कर दे तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है। लोगों ने एसईसीएल से मार्ग में पानी छिड़काव किए जाने की मांग की है।

## नमनाकला विद्युत सबस्टेशन में हुआ धमाका, आधा शहर ब्लैक आउट



शहर की अधेरी सड़क।



उप केन्द्र में मरम्मत करता विद्युतकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भीषण गर्मी से बेहाल रहे शहरवासी, 9.30 बजे बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

गुरूवार की शाम नमनाकला स्थित 33 केव्ही विद्युत सब स्टेशन में तेज धमाका होने के साथ ही मुख्य मार्केट सहित शहर का आधा हिस्सा अंधेरे में डूब गया। विद्युतकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद खराब उपकरणों को बदला तो देर रात आपूर्ति सुचारू हुई। पछुआ विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद तापमान में लगातार वृद्धि होने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है। भीषण गर्मी के कारण कूलर एवं एसी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। भीषण गर्मी में कूलर से भी राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में लम्बे समय तक शहर की विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण गुरूवार को लोग देर रात तक पसीना से तरबतर होते रहे। गुरूवार की शाम 7.15 बजे नमना कला स्थित 33 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र में तेज धमाका हुआ जिससे आधे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। आधे घंटे तक जांच पड़ताल करने के बाद पता चला सब स्टेशन का जंपर ब्लास्ट होने के साथ ही पैनल का रिले जल गया। विद्युत उपकेन्द्र में आई खराबी को ढूंढने के बाद विद्युत अधिकारी व कर्मचारी लगभग एक घंटे तक खराब उपकरणों को बदलने में व्यस्त रहे। उपकरणों को बदलने के बाद देर रात विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। नमनाकला स्थित 33 केव्ही विद्युत सब स्टेशन में आई तकनीकी खराबी के कारण शहर के इण्डस्ट्रीयल एरिया, अजिरमा, देवीगंज, जोड़ा पीपल, शिवधारी कॉलोनी फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई तथा आधा शहर देर रात अंधेरे में डुबा रहा। इस दौरान गर्मी से बेहाल लोग अपने छत एवं सड़कों पर टहलते रहे। अंधेरे के कारण घरों के कामकाज ठप रहे। शहर के मुख्य मार्केट देवीगंज रोड में अंधेरा छाने के कारण व्यवसाय प्रभावित रहा।

### शिवनंदनपुर में किराए के मकान में रह रही युवती ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** शिवनंदनपुर मुख्य बाजार सेंट्रल बैंक के पीछे किराए के मकान में रहने वाली बाईस वर्षीय युवती ने घर के कंडी में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा है।पुलिस ने बताया कि मृतका सायना अंसारी आत्मज सफीक अंसारी निवासी धनपुरी शहडोल जो कि मुसरा मनेंद्रगढ़ निवासी भगवान सिंह से प्रेम विवाह की थी, पिछले करीब डेढ़ वर्ष से पति -पत्नी के रूप में दोनों साथ में शिवनंदनपुर स्थित सेंट्रल बैंक के पीछे किराए के मकान लेकर रह रहे थे। गुरुवार के सुबह जब उसका पति दुकान जा रहा था तब मृतिका सायना ने उसे आज छुट्टी ले लेने को कहा जिस पर उसके पति ने कहा कि दुकानदार को बता कर आता हूं, दुकान से जब उसका पति वापस लौटा तो पाया कि सायना कंडी में दुप्पटे के सहारे फांसी लगा ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद उसके परिजन को घटना की सूचना देकर मौके पर बुलाया है। परिजन के आने तक शव को अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है। युवती ने किन कारणों से खुदकुशी की है इसका पता नहीं चल सका है।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म पिता पहुंचा तो मिलने से रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग को जबरन घर में रखकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने और परिजन से नहीं मिलने देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। दरिमा पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम लोधिमा निवासी सुनील कुजूर नाबालिग को 10 अप्रैल को भगाकर अपने साथ ले गया था। नाबालिग के परिजन बेटी की तलाश कर रहे थे इस दौरान जब उन्हें जानकारी हुई कि उनकी पुत्री सुनील कुजूर के घर है तो पिता अपनी बेटी से मिलने पहुंचा लेकिन सुनील कुजूर ने पिता से नहीं मिलने दिया। ऐसे में 14 मई को पिता ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर 19 वर्षीय सुनील कुजूर को लोधिमा से हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी युवक नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही मामले में धारा 363, 366, 376, पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सेतराम गहीर, महिला आरक्षक अंजलि चौधरी, आरक्षक दुर्गेश राजवाड़े शामिल रहे।



## आज 14 बिंदुओं पर जिले के स्कूल बसों की होगी जांच

**सूरजपुर।** उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत जिले में संचालित स्कूल बसों का निरीक्षण किया जाना है। जिसके परिपालन के लिए जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 17 मई को निरीक्षण के लिए निर्धारण किया गया है। सुबह 10 बजे जिला परिवहन कार्यालय में स्कूल बसों की जांच की जाएगी। जिसमें जिले के समस्त स्कूल संचालक स्कूल बसों के नाम पर पंजीकृत वाहनों के साथ उपस्थित होगें। परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित 14 बिंदुओं पर की जाएगी। जिले में 25 कुल स्कूल बस पंजीकृत है। 14 बिन्दुओं पर स्कूल बसों के संचालन के संबंध में जारी दिशा निर्देश- स्कूल बस पीले रंग का हो, अगले एवं पिछले हिस्से में स्कूल बस लिखा हो, बस में प्राथमिक उपचार पेटी आवश्यक रूप से रखा हो, बसों में स्पीड गर्वनर लगा हो, खिड़कियों में खड़ी जाली लगी हों, अग्निशमन यंत्र लगा हो, बसों मे स्कूल का नाम तथा दूरभाष नंबर स्पष्ट पठनीय हो, दरवाजे पर विश्वासनीय डोरलॉक लगा हो, सीट के नीचे बस्ता रखने के लिए प्रर्याप्त एवं सुरक्षित स्थान हो, बच्चों को संभालने हेतु प्रशिक्षित सहायक हो,माता-पिता,पालक अथवा स्कूल शिक्षक यात्रा कर यह सुनिश्चित करेगें कि बस बच्चों के लिए सुरक्षित है। स्कूल बस के चालक को भारी यात्री यान चालाने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव हो, स्कूल बस मे ऐसे चालक नहीं रखे जाएगे जो साल में 2 से अधिक बार लाल बत्ती सिंगनल का उल्लघंन, ट्रैफिक नियमों का पालन नही करने पर चालान किया गया हो अथवा वाहन चलाने के लिए अनाधिकृत हो, स्कूल बस में ऐसे चालक नहीं रखे जाएगे जो एक बार भी अनियंत्रित गति, नशे की हालत में वाहन चलाने तथा खतरनाक वाहन संचालन करने पर चालान किया गया हो।

### शैलेन्द्र को शिमला लोकसभा के रोहरु का बनाया गया प्रभारी



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के युवा नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह पर एआईसीसीसी ने भरोसा जताते हुए हिमाचल प्रदेश के शिमला लोकसभा का रोहरु विधानसभा प्रभारी बना कर लोकसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। ज्ञात हो की संपूर्ण शिमला लोकसभा का प्रभारी एआईसीसी सचिव रायपुर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को बनाया गया है। छत्तीसगढ़ को यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले भी शैलेंद्र प्रताप सिंह को एनएसयूआई युवा कांग्रेस पीसीसी में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। एआईसीसी के इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए शैलेंद्र प्रताप सिंह ने एआईसीसी के सभी शीर्ष नेतृत्व, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, एआईसीसी सचिव पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का आभार व्यक्त करते हुए अपने जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने की बात कही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय अंबिकापुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करने का समय सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान: हरिभूमि कार्यालय उड़िया पंडित काम्पलेक्स, चोपड़ा पारा, रिंगरोड नं. 2 अम्बिकापुर मो. 9626154736

Rahul Travels

TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Ambikapur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airpor / Banaras / Bhilai | 4999 | 7999 | 2999 |
| Bilaspur / Korba/ Anuppur | 2999 | 4999 | 1999 |
| Jabalpur / Rewa Prayagraj / Satna | 7999 | 11999 | 4999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book 9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. मोहित गुप्ता - MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा प्रजापति - MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम.डी. फिजीशियन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सैंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले - MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता - MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध